मानव विकास रिपोर्ट

Drishti IAS

मानव विकास रिपोर्ट (HDR)

जारीकर्त्ता: संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP), **वर्ष 1990 से।**

मानव विकास सूचकांक

- यह निम्नलिखित आयामों पर विचार करते हुए मानव विकास में औसत उपलब्धियों की माप करता है:
  - जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
  - स्कूली शिक्षा के अपेक्षित तथा औसत वर्ष
  - सकल राष्ट्रीय आय (GNI)
- 0.633 के स्कोर के साथ HDI में भारत वर्ष 2020 के 130वें स्थान (191 देशों में) से वर्ष 2022 में 132वें स्थान पर पहुँच गया है।
- सूचकांक में स्विट्ज़रलैंड 0.962 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर है।

असमानता-समायोजित HDI (IHDI)

- यह मानव विकास का वह स्तर है जहाँ असमानता पर विचार किया जाता है।
- असमानता के संदर्भ में विचार करने के बाद वर्ष 2021-22 के लिये भारत के HDI में 25% की गिरावट दर्ज की गई (अर्थात् इसने 0.475 अंक प्राप्त किये)।
  - आबादी के सबसे अमीर 1 प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा धारित आय का हिस्सा सबसे गरीब 40 प्रतिशत लोगों द्वारा धारित आय से अधिक है।

HDR के तहत सूचकांक

लैंगिक विकास सूचकांक (GDI)

- यह महिलाओं और पुरुषों के संदर्भ में HDI का आकलन करता है। यह अनुपात 1 के जितना निकट होगा, HDI के संदर्भ में महिलाओं और पुरुषों के बीच लैंगिक अंतराल उतना ही कम होगा।
- भारत 0.849 के स्कोर के साथ इस मापदंड में विश्व औसत से काफी पीछे है।

लैंगिक असमानता सूचकांक (GII)

- यह तीन आयामों के आधर पर लैंगिक असमानता का मूल्यांकन करता है:
  - प्रजनन स्वास्थ्य
  - सशक्तीकरण
  - श्रम बाजार
- GII का निम्न मान महिलाओं और पुरुषों के बीच कम असमानता को इंगित करता है जबकि GII का उच्च मान महिलाओं तथा पुरुषों के बीच अधिक असमानता का संकेतक है।
- 0.490 के स्कोर के साथ भारत 122 वें स्थान पर है, जो इसके महिला नागरिकों के लिये असमानता की स्थिति को दर्शाता है।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI)

- यह विकासशील देशों में लोगों के समक्ष स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के संदर्भ में आने वाले विभिन्न अभावों को दर्शाता है।
- वर्ष 2019 तक, भारत में 381 मिलियन से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से पीड़ित थे।

ग्रहीय दबाव समायोजित मानव विकास सूचकांक (PHDI)

- यह मानक HDI को देश के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और भौतिक पदचिह्न के स्तर (दोनों ही प्रति व्यक्ति के आधार पर) से समायोजित करता है।
- इसे HDR 2020 में प्रस्तावित किया गया था।
- भारत ने वर्ष 2021-22 के लिये PHDI में 0.609 का स्कोर प्राप्त किया किया है।

और पढ़ें...

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/human-development-report-1